बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

पत्रांक– 09/निधि–स्कीम (0104–सात निश्चय–2 सुलभ सम्पर्कता)–02–09/2026 – पटना, दिनांक –

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना।

विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्य शीर्ष–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–03–राज्य राजमार्ग, लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, उपशीर्ष–0104–सात निश्चय–02 सुलभ सम्पर्कता, विपत्र कोड – 41–5054037960104, विषय शीर्ष– 0104.53.02– भू–अर्जन मद अन्तर्गत कुल **₹2,07,49,000/- (दो करोड़ सात लाख उनचास हजार रूपये)** मात्र की निकासी की स्वीकृति।

आदेशः–स्वीकृत ।

2. विषयगत विभागीय **आवंटन आदेश सं0– 98 (एस॰)डब्ल्यू॰ई॰ए॰, दिनांक– 21.10.2026** के आवंटन विवरणी के क्रम संख्या– 02 के द्वारा सात निश्चय–02 सुलभ सम्पर्कता अन्तर्गत बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राशि आवंटित की गई है।

3. इस राशि का व्यय मुख्य शीर्ष–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–03–राज्य राजमार्ग, लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, उपशीर्ष–0104–सात निश्चय–02 सुलभ सम्पर्कता, विपत्र कोड – 41–5054037960104, विषय शीर्ष– 0104.53.02– भू–अर्जन मद अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4. संबंधित निगम / कार्यालय विभागीय पत्र सं0–4099(एस॰) दिनांक–11.05.2017, पत्र सं0–901(ई॰) दिनांक–08.02.2018 तथा पत्र सं0– 3401(ई॰) दिनांक–17.05.2018 द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवंटित राशि का व्यय करेंगे।

5. इस राशि को वित्त विभाग के पत्र स0– 5666 दिनांक–08.07.2019 के आलोक में CFMS के माध्यम से निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग (मुख्यालय), बिहार, पटना द्वारा Online अंतरण विपत्र तैयार कर बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को पटना कोषागार, पटना स्थित पी॰एल॰ खाता संख्या–243(old), जमा खाता नं0– PTCPLA012, विपत्र कोड– K8448001200019 में पुस्त अंतरण हेतु कोषागार को प्रेषित करेंगे।

6. वित्तीय वर्ष 2026–27 में निगम द्वारा इस राशि का व्यय किये गये कार्य के विरूद्ध किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

7. यह राशि बजट उपबंध के अधीन है।

8. प्रस्ताव पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है ।

ह0/–

(दीपेश कुमार)
संयुक्त सचिव(प्र0को0),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

क0प0उ0

पत्रांक– 09/निधि–स्कीम (0104–सात निश्चय–2 सुलभ सम्पर्कता)–02–09/2026 – पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि – सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना / पटना कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(दीपेश कुमार)

संयुक्त सचिव(प्र0को0),

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक– 09/निधि–स्कीम (0104–सात निश्चय–2 सुलभ सम्पर्कता)–02–09/2026 – 7646 (5) **पटना, दिनांक –** 21.10.26

प्रतिलिपि – वित्त विभाग (बजट शाखा) बिहार, पटना/ सचिव कोषांग, प0नि0वि0, बिहार, पटना/ अभियंता प्रमुख कोषांग, प0नि0वि0, पटना/ मुख्य अभियंता (अनु0), प0नि0वि0, पटना/ संयुक्त सचिव (प्रबंधन कोषांग), प0नि0वि0, पटना/ मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), प0नि0वि0, पटना/ मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग (मुख्यालय), बिहार, पटना / कार्यपालक अभियंता (बजट), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लेखा शाखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ प्रशाखा पदाधिकारी–9, प0नि0वि0, पटना एवं अधीक्षण अभियंता (अनु0), प0नि0वि0 (फैक्स एवं ई–मेल हेतु) मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.10.2026

(दीपेश कुमार)

संयुक्त सचिव(प्र0को0),

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।